कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, मेरठ जोन, मेरठ।

पत्रांकः एमजैड़-सीआर-21(निर्देश-09)/2014 दिनांकःमेरठःमई 23, 2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, मेरठ जोन।

जैसा कि आप अवगत हैं कि विगत कुछ समय से महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। यह भी अनुभव रहा है कि स्थानीय पुलिस के द्वारा अपराधों के पंजीकरण में बरती जा रही हिला-हवाली तथा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी वैधानिक/निरोधात्मक कार्यवाही न किये जाने के कारण अपराधी स्वच्छंद रूप से विचरण कर अन्य घटनाओं को अंजाम देने में पुनः सक्रिय हो जाते हैं।

2- ग्रीष्मकालीन अवकाशों को दृष्टिगत रखते हुए आप अपने-अपने जनपदों में महिलाओं की छेड़छाड़ की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील स्थलों यथा कोचिंग सेन्टर, समर कैम्प, महिलाओं के आवागमन के रास्तों/बाजारों, गर्ल्स छात्रावास, प्रातः कालीन भ्रमण के रास्तों/पार्कों आदि को चिन्हित कर **दिनांक 24.05.2014 से 30.05.2014 तक एक सप्ताह का प्रभावी अभियान** चलाकर ऐसे तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की आख्या दिनांक 31.05.14 को परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

23/5

(आलोक शर्मा)
पुलिस महानिरीक्षक, मेरठ जोन,
मेरठ।

प्रतिलिपिः- पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ/सहारनपुर परिक्षेत्र को इस आशय से कि अभियान के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही कराकर कृतकार्यवाही की संकलित सूचना दिनांक 31.05.14 को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

I/C fax Range SRR
कृपया अपने अधीनस्थ जनपदों को fax Pass करने की कृपा करें।
DIG Range off
MRT